## फर्द अहकाम

हेमराज जिट बनाम मेवलिट वगै

**नाम न्यायालय** SDO शाहपुरा

**केस संख्या** 518

| क्रम संख्या | दिनांक आज्ञा या कार्यवाही | आज्ञा विस्तृत रूप से |
|---|---|---|
| | 11-9-19 | वकील आयी उभय/वकीलआयी की गई/वास्ते आदेशार्थ पत्रावली दिनांक 18.9.19 को पेश हो<br>उप खण्ड अधिकारी<br>शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान |
| | 18.9.19 | पत्रावली पेश श्री उभयी का आर्थना पत्र तहत धारा अनिवार्यता अधिनियम 1955 की धारा 25 1 # स्वीया (विक्रय) आपर विस्तृत आदेश किया है लिखाया जाकर सुनाया गया/पक्षकारी मौकाल हमा हासर दाखिल दफ्तर हो<br>उप खण्ड अधिकारी<br>शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान |

| | विशेष विवरण |
|---|---|
| | |

# न्यायालय उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा जिला जयपुर (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी :– श्री नरेन्द्र कुमार मीना , आर ए एस
प्रार्थना पत्र संख्या :– 05/2018

**उनवान**

1. हैमराजसिंह
2 राजवीरसिंह
3. लादूसिंह
4 सुमेरसिंह
] पि0 जवाहार सिंह

5 लाडकंवर पत्नि बचन सिंह

6 मूलसिंह
7 शिम्भूसिंह
8 नरपतसिंह
9. मालसिह
10. धनसिंह
11. शंकरसिंह
] पि0 बचनसिंह

12 देशोद कंवर
13 सुरज्ञान कंवर
] पुत्रियान बचनसिंह

14 नाथूसिंह
15 संग्रामसिंह
16 जयसिंह
] पि0 मानसिंह

17 कर्णसिंह पुत्र मानसिंह
18 विमल कंव पत्नि मूलसिंह
19 शिम्भूसिंह 20 नरपतसिंह पुत्र बचनसिंह
समस्त जाति राजपूत निवासी जगतपुरा तहसील शाहपुरा जिला जयपुर

**बनाम**

1 भंवरसिंह
2 जयसिंह पि0 रणजीता
3 बिरजुसिंह
4 प्रेमकंवर पत्नि स्व0 उमराव सिंह
5 गम्भीरसिंह
6 महिपालसिंह
] पि0 स्व0 उमरावसिंह
7 सीमाकंवर
8 कंचन कंवर
9 चन्द्रकला उर्फ मरूधरा कंवर
10 मनोहरकंवर पत्नि रणजीता
11 शायर कंवर पुत्री रणजीता
] पुत्रियान स्व0 उमरावसिह
12 प्रहलादसिंह
13 अजयसिंह, 14 नितेश सिंह पि0 मुगलकंवर
15 काजल पुत्री मुगल कंवर
16 भवानीसिंह पुत्र भंवरा
17 मनुकवर बेवा भंवरा
18 सरदारा 19 काना 20 मंगेज 21 नरपत पि0 शैतान
समस्त जाति दरोगा निवासी ग्राम जगतपुरा तहसील शाहपुरा
19 तहसीलदार तहसील शाहपुरा

उप खण्ड अधिकारी कार्यालय शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान

**प्रार्थना पत्र राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा –251 क की उप धारा (1) संशोधन अधिनियम 2010**

**आदेश दिनांक 18.9.2019**

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा (1) के तहत मय [illegible]

कृषि भूमि ख0नं0 367,369, 370, 372 से 375, 377, 378, 378/933, 442/994, कुल किता 11 रकबा 5.16 है0 वाके ग्राम जगतपुरा तहसील शाहपुरा में स्थित है जिसमें प्रार्थीगण रिहायशी कमानात भी है तथा भूमि आने जाने का रास्ता प्रार्थीगण अप्रार्थीगण हेमराजसिंह वगैरह क खातेदारी भूमि ख0नं0 379 रकबा 1.40 है0 वाके ग्राम जगतपुरा तहसील शाहपुरा में उसकी दक्षिण सीमा से लगती 100 मीटर पूर्व पश्चिम साढे 3 तीन मीटर उत्तर दक्षिण चौडाई कुल 350 वर्गमीटर भूमि रास्ते हेतु आवेदन के साथ पेश किया गया है। प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश होने पर विधिवत दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को मौके नोटिस सूचित किया जाकर जवाब प्रार्थना पत्र पेश करने का अवसर दिया गया ।

अप्रार्थीगण बावजूद सुचना के अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्व नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई तथा तहसीलदार शाहपुरा से रास्ते के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्राप्त की गई । तहसीलदार शाहपुरा ने अपनी पत्र कमांक आरए/ 371 दिनांक 3.6.2019 के द्वारा प्रेषित कर अवगत कराया गया कि आवेदक द्वारा वांछित रास्ते की भूमि खा0नं0 979 से चाहा गया है । तहसीलदार शाहपुरा ने अपनी रिपोर्ट में 100 मीटर लम्बा तथा 4 मीटर चौडा कुल 400 वर्गमीटर भूमि प्रस्तावित करते हुए नक्शा ट्रेस में हरी स्याही से दर्शाया गया है।

वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में तहसीलदार शाहपुरा की रिपोर्ट का अवलोकन कराते हुए प्रस्तावित आराजी को रास्ता दर्ज करने हेतु निवेदन किया तथा यह भी जाहिर किया कि रास्ते हेतु प्रस्तावित आराजी के अलावा प्रार्थीगण के पास अन्य कोई रास्ता नहीं है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया गया । प्रार्थीगणो के नाम भूमि ख0नं0 367,369, 370, 372 से 375, 377, 378, 378/933, 442/994, कुल किता 11 रकबा 5.16 है0 वाके ग्राम जगतपुरा तहसील शाहपुरा खातेदारी राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, उक्त खातेदारी भूमि जिसमें प्रार्थीगण के रिहायशी मकानात में आवागमन हेतु अप्रार्थीगण की भूमि में से रास्ता चाहने हेतु आवेदन किया गया है। तहसीलदार शाहपुरा के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया । प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तावित भूमि के अनुसार ही तहसीलदार शाहपुरा ने 4 मीटर चौडाई तथा 100 मीटर लम्बाई में भूमि रास्ते हेतु प्रस्तावित करते हुए अन्य कोई रास्ता उपलब्ध नहीं होने की रिपोर्ट भी की है जिससे जाहिर होता है कि प्रार्थीगण के पास अन्य कोई रास्ते का विकल्प आवागमन हेतु नहीं होना बताया है, इससे स्पष्ट है कि प्रार्थीगण के पास आवागमन हेतु अन्य कोई रास्ता नहीं है तथा प्रस्तावित भूमि को रास्ता दर्ज करना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा –251 क की उप धारा (1) संशोधन अधिनियम 2010 न्यायिक दृष्टि से स्वीकार किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 379 रकबा 1.40 है0 वाके ग्राम जगतपुरा तहसील शाहपुरा में से दक्षिणी सीमा के सहारे सहारे पूर्व से पश्चिम 100 मीटर लम्बाई तथा 4 मीटर चौड़ाई में कुल 400 वर्गमीटर कृषि भूमि की वर्तमान मे प्रचलित डी एल सी दर से आकलन कर डीएलसी दर की दो गुना राशि प्रार्थीगण से वसूल कर नियमानुसार अप्रार्थीगण को भुगतान किया जावे एवं राजस्व रिकार्ड व नक्शा ट्रेस में रास्ते का अमल दरामद किया जावे ।

निर्णय आज दिनांक 18.9.2019 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरै इजलास सुनाया गया ।

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान सत्यमेव जयते

( नरेन्द्र कुमार मीना )
उप खण्ड अधिकारी
शाहपुरा जिला जयपुर